Sl. No. :

**MHNSC-4.4**

**Total No. of Pages : 3**

# Fourth Semester M.A. Degree Examination, October/November - 2025
## (SLM Scheme) (CBCS)
## HINDI (हिन्दी)
## Course - VI : SAMAKALEEN HINDI KAVITA
## समकालीन हिंदी कविता

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 80**

***Note :*** ***All questions are compulsory.***

### SECTION - A

किन्हीं चार की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । **[4 × 5 = 20]**

1) अपने झोले में ही ।

अब निकलूँगी मैं भी ।

अपने संधान में अकेली ।

आपका झोला हो आपको मुबारक !

अच्छा बाबा, राम राम !

2) कौन है ये लोग

जो कि मेरे हैं?

इनके चेहरों को देखकर

मुझे अपनी घड़ी की सुई

ठीक क्यों करनी पड़ती है बार–बार?

3) मैंने अक्सर

इस उलजलूल दुनिया को

दस सिरों से सोचने और

बीस हाथों से पाने की कोशिश में

अपने लिए

बेहद मुश्किल बना लिया है ।

4) राष्ट्रगीत में भला कौन वह
भारत–भाग्य–विधाता है
फटा सुथन्ना पहने जिसका
गुण हरचरना गाता है ।
मखमल टमटम बल्लम तुरही
पगड़ी छत्र चैवर के साथ
तोप छुड़ाकर ढोल बजाकर
जय–जय कौन कराता है ।

5) ''लाभ होगा कारोबार में
फसाद निबटेंगे
जमीन जायदाद के
संतान सुख होगा
फँसी रकम लौटेगी ।

6) ''यहाँ आते–जाते मैंने
शहर के बारे में सोचा
जो पालतू सूर्यास्त और सनसनीखेज खबरों से
लौटकर अपने मुखौटे छिपा रहा था

## SECTION - B

किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए कीजिए । **[3 × 10 = 30]**

7) समकालीन हिंदी कविता की विशेषताओं का आकलन कीजिए ।

8) केदारनाथ सिंह जी की कविताओं का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए ।

9) अनामिका की कविता 'स्त्रियाँ' में स्त्री का जीवन और संघर्ष को चित्रित किया गया है । समझाइए ।

10) 'समरगाथा' कविता के सार लिखकर, उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

11) मंगलेश डबराल की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

## SECTION - C

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **[2 × 15 = 30]**

12) समकालीन हिंदी कविता का विकासक्रम समझाइए ।

13) हिंदी के प्रमुख समकालीन कवियों का परिचय प्रस्तुत कीजिए ।

14) 'एक दिन बोलेंगे पेड' कविता का सार लिखिते हुए, कवि राजेश जोशी का आशय स्पष्ट कीजिए ।

15) पठित कविताओं के आधार पर निर्मला पुतुल जी की 'स्त्री' भावना पर प्रकाश डालिए ।

♦ ♦ ♦